





# कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग तोड़कर घुसे कांग्रेसी

## किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का जोरदार शक्ति प्रदर्शन






नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनो ने पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग तोड़ पार कर आगे बढ़ गए । इस दौरान बारदान चोर, गद्दी छोड़, किसान विरोधी भाजपा सरकार और जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह और प्रतिभा रघुवंशी ने किया। आंदोलन की शुरुआत गांधी भवन से हुई, जहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकालकर शहर में शक्ति प्रदर्शन किया। रैली महाराणा प्रताप प्रतिमा तक पहुंची, जहां सभा आयोजित की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया।कलेक्ट्रेट के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर भीड़ को रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स पार कर आगे बढ़ गए और धक्का देकर अवरोध हटा दिए। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अमला सतर्क हो गया। इस दौरान सीएसपी अभिनव बारंगे पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर बजरंग बहादुर को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेसजन शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स का विरोध करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, प्रतिभा रघुवंशी और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू गुर्जर बैरिकेड्स पर चढ़ गए और उन्हें हटाने की मांग की। प्रशासन द्वारा बैरिकेड्स हटाने के बाद ही ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में खंडवा, मान्धाता, पंधाना और हरसूद विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ शामिल हुए।ज्ञापन में एमएसपी पर गेहूं खरीदी तत्काल शुरू करने, भावांतर योजना का लाभ देने, बारदाना की समय पर उपलब्धता, बिजली बिलों में राहत, सिंचाई व्यवस्था में सुधार और गैस सिलेंडर आपूर्ति में पारदर्शिता की मांग की गई। इसके अलावा पराली जलाने के मामलों में किसानों पर दर्ज केस वापस लेने, खरीदी केंद्रों पर बारदाना, छाया और पानी की व्यवस्था तथा उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।साथ ही हरसूद विधानसभा क्षेत्र की मोरन गंजाल योजना में छूटे गांवों को जोड़ने और पंधाना क्षेत्र के गांवों को झिरनिया लिफ्ट इरिगेशन योजना से जोड़ने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रशासनिक अमला स्थिति पर नजर बनाए रहा। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### एक नजर में

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार




**खंडवा।** हरसूद क्षेत्र में हुए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को थाना हरसूद में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 अप्रैल की रात करीब 8 बजे जब वह शौच के बाद घर लौट रही थी, तभी सोनखेड़ी गांव के रास्ते में आरोपी देवा पिता मुन्ना और नानु पिता पतिराम ने उसे रोक लिया। इन दोनों ने खेत के पास महिला के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकले थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी और ग्राम सोनखेड़ी निवासी आरोपी नानु पिता पतिराम और देवा पिता मुन्नालाल काजले को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्य में थाना प्रभारी राजकुमार राठौर सहित उपनिरीक्षक लीला बघेल, रमेश मोरे, सहायक उपनिरीक्षक नरेन्द्रसिंह वर्मा, प्रधान आरक्षक विनोदसिंह तोमर, मंगलसिंह चौहान और आरक्षक अनिल मेहरा, भगवानदास, रोहित साहू एवं अभिषेक गौर की विशेष भूमिका रही।

## एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस



**मूंदी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर मूंदी में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल की अनुशंसा पर और जिला महासचिव अमन बकोरिया के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शासकीय चिकित्सालय और महाविद्यालय पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय चिकित्सालय मूंदी से हुई, जहाँ संगठन के पदाधिकारियों ने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इसके पश्चात टीम शासकीय महाविद्यालय मूंदी पहुँची, जहाँ छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें चॉकलेट वितरित की गई। कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को भविष्य की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और छात्र संगठन की कार्यप्रणाली व इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।इस अवसर पर जिला महासचिव अमन बकोरिया ने कहा कि एनएसयूआई पूरे देश में छात्र-छात्राओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यक्रम में आयुष राठौर, दुर्गेश सावनेर, लोकेश यादव, मनराज करावत, दीपक कुमार, रविन्द्र सावनेर सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 427 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत विशेषज्ञों द्वारा कुल 427 हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। शिविर में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर और अन्य शारीरिक जटिलताओं वाली महिलाओं की पहचान कर उनकी नि:शुल्क सोनोग्राफी कराई गई। जिन महिलाओं का पूर्व में सिजेरियन प्रसव, गर्भपात, या पूर्व प्रसव में अन्य जटिलताएं रही हैं, उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। जांच के दौरान चिकित्सकों ने महिलाओं की काउंसलिंग की और उन्हें पोषणयुक्त आहार लेने तथा सरकारी अस्पताल में डिलीवरी कराने की सलाह दी।

## एबीवीपी ने जिले भर में चलाया सकोरा अभियान

**खण्डवा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए इस वर्ष भी सकोरा अभियान चलाया गया। परिषद के नगर मंत्री दीपांशु पटेल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की स्टूडेंट्स फॉर सेवा के माध्यम से जिले के विभिन्न विद्यालय और महाविद्यालयों में सकोरे बांधे गए हैं ।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के शैक्षणिक संस्थानों में सकोरे लगाकर विद्यार्थियों को भी पक्षियों के संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित रहे।



## एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों और उनकी बारीकियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर महेंद्र तारनेकर ने किया ।कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर निकिता मंडलोई, सीएमएचओ डॉ ओपी जुगतावत, जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, मनोचिकित्सक डॉ संजय इंगले, प्रशिक्षु आईपीएस अमित कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी हरसूद लोकेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिले के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में नशीले पदार्थों की जब्ती और तलाशी के दौरान अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रियाओं, विशेष रूप से एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के अंतर्गत व्यक्तिगत तलाशी के नियमों, की जानकारी देकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिक दक्ष बनाने की जानकारी दी है। प्रशिक्षण में विभाग के विभिन्न स्तरों के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। इसमें 3 राजपत्रित अधिकारी, 13 निरीक्षक, 19 उप निरीक्षक, 19 सहायक उप निरीक्षक तथा 55 प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक शामिल रहे। विशेषज्ञों ने कार्यशाला के दौरान एनडीपीएस मामलों में कानूनी त्रुटियों से बचने और सफल अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।




## विधायक कंचन तनवे ने किया गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** ग्राम रोशनाई स्थित एसके वेयर हाउस में गुरुवार को गेहूं उपार्जन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और तौल कांटे का पूजन कर केंद्र की शुरुआत की ।इस अवसर पर विधायक तनवे ने केंद्र पर आए किसानों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने किसानों को मिठाई खिलाकर स्वयं गेहूं तौलकर उपार्जन प्रक्रिया प्रारंभ कराई। विधायक ने जानकारी दी कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार 125 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जा रहा है, जिससे कुल भाव 2400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। कार्यक्रम में भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह गौड़, पूर्व पार्षद संदेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, किसान और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सिंधी सेवा मंडली की नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सिंधी सेवा मंडली के अध्यक्ष संजय सभनानी ने समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद अपनी कार्यकारिणी की अधिकृत घोषणा कर दी है ।संस्था के सचिव प्रकाश आहूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत रात्रि सिंधी धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए मेठाराम पिंजानी और गोपालदास पमनानी को संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं, सुंदरदास फतवानी, डॉ. दिलीप हिंदूजा और अनिल आहूजा को सम्माननीय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## सफाई मित्रों को दिया सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत नगर की झीलों और उद्यानों में तैनात सफाई मित्रों के लिए विशेष सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई मित्रों के साथ वार्ड जमादारों और विभागीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया ।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने सफाई मित्रों को फील्ड पर कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के सही उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता अधिकारी जाकिर अहमद, जोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, मनीष पंजाबी, सकाराम भट्ट और निखिल वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने शहर को स्वच्छ रखने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का संकल्प लिया।



## आदि आदर्श गांव योजना के कार्यों का किया सत्यापन

**खंडवा ।** प्रधानमंत्री आदि आदर्श गांव योजना के अंतर्गत जिले के 221 चयनित गांवों में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के भौतिक सत्यापन हेतु आदिवासी क्षेत्र विकास परियोजना भोपाल के नोडल अधिकारी श्री राजेश गुबरेले एवं उनके दल द्वारा बलडी, पुनासा और पंधाना ब्लॉक की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आदि आदर्श गांव योजना के तहत किए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के उपयंत्री, सचिव को कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए कि सभी कार्य अप्रैल माह में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रशासन श्री नीरज पाराशर भी मौजूद थे ।

## एसएन कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने विद्यार्थियों को देहदान एवं अंगदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देहदान से मेडिकल विद्यार्थियों के अध्ययन में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है, वहीं अंगदान के माध्यम से किसी व्यक्ति को नया जीवन दिया जा सकता है ।इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ संजय इंगले ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए टेली मानस हेल्पलाइन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी और मानसिक संतुलन बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन अमित अब्राहम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ एसएस डाबर ने किया।

## बढ़ते अपराधों पर महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** जिले में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस के महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में छेड़छाड़, दुष्कर्म सहित महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के मामलों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई ।जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई मामलों में समय पर और कठोर कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं, जिससे महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। कांग्रेस ने ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है, ताकि समाज में कानून का डर कायम रह सके ।महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुधा खान ने पुलिस प्रशासन से महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया ।इस दौरान हेमलता पालीवाल, रचना तिवारी, रूपाली बारे, मीनू मंडलोई, रूपा कास्डे, नूरजहां बी सहित महिला कांग्रेस की कई सदस्य मौजूद रहीं।